सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 10 | इंदौर, मंगलवार 22 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## साध्वी लक्ष्मी दास 90 लाख की धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार

◆ नर्मदापुरम से नाटकीय ढंग से पकड़ी गई



**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** 90 लाख रुपये की धोखाधड़ी और अदालत को गुमराह करने के मामले में लंबे समय से फरार चल रहीं साध्वी लक्ष्मी दास (असली नाम रीना रघुवंशी) को छिंदवाड़ा पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी नर्मदापुरम जिले के चंद्रकलां गांव से की गई, जहां साध्वी धार्मिक अनुष्ठान के बहाने छिपकर रह रही थी।

पुलिस को एक मुखबिर से सूचना मिली थी कि साध्वी लक्ष्मी दास गांव में मौजूद है। जैसे ही पुलिस टीम वहां पहुंची, साध्वी को गिरफ्तारी की भनक लग गई और उसने टॉयलेट जाने का बहाना बनाकर वहां से भागने की कोशिश की। इसके बाद वह पास ही की नदी पार कर एक अन्य गांव में छिप गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नाव की मदद से पीछा कर उसे चारों ओर से घेर लिया और हिरासत में ले लिया।

साध्वी लक्ष्मी दास छिंदवाड़ा जिले के चांद क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध रामजानकी मंदिर, लोनीकलां से जुड़े 90 लाख रुपये के गबन के मामले में वांछित थीं। यह रकम मंदिर के पूर्व महंत स्व. कनक बिहारी दास द्वारा घोषित एक करोड़ रुपये की दान राशि का हिस्सा थी, जो उनकी मृत्यु के बाद रहस्यमय ढंग से बैंक खाते से निकाल ली गई। खास बात यह रही कि जिस बैंक खाते से यह राशि निकाली गई, उसमें कोई नॉमिनी नहीं था। पुलिस जांच में यह सामने आया कि इस धोखाधड़ी में साध्वी लक्ष्मी दास के साथ एक बैंक मैनेजर की भूमिका भी संदिग्ध है।

गिरफ्तारी से बचने के लिए साध्वी ने पहले मध्यप्रदेश हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, लेकिन दोनों जगह से उसे कोई राहत नहीं मिली। 19 मई को हाईकोर्ट ने उसकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए स्पष्ट कहा था कि उसने तथ्य छुपाए और अदालत को गुमराह करने की कोशिश की। बाद में सुप्रीम कोर्ट में दायर विशेष अनुमति याचिका (SLP) भी साध्वी ने खुद ही वापस ले ली थी, जिसके बाद से वह फरार चल रही थी। अब छिंदवाड़ा पुलिस की स्पेशल टीम उसे हिरासत में लेकर वापस लौट चुकी है और मंगलवार को साध्वी को अदालत में पेश किया जाएगा। पूछताछ के दौरान यह जानने की कोशिश की जाएगी कि 90 लाख रुपये की रकम कहां और कैसे खर्च की गई। साथ ही पुलिस बैंक अधिकारियों की भूमिका और अन्य संलिप्त व्यक्तियों की जांच भी करेगी।

# मध्य प्रदेश में हो सकती है बड़ी प्रशासनिक सर्जरी, गहराए अटकलों के बादल

◆ कई दिग्गजों को मिलेंगे नए पदभार!

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के विदेश से लौटने के बाद एमपी में बड़े प्रशासनिक बदलाव की संभावना है। मंत्रालय से लेकर फील्ड में काम कर रहे दिग्गज अधिकारियों में डर का माहौल है। मुख्यमंत्री मंत्रालय और जिलों में प्रशासनिक सर्जरी कर सकते हैं। इसमें कलेक्टर, एसपी, से लेकर सचिव जैसे बड़े अधिकारी शामिल हो सकते हैं। कई अधिकारियों के विभागों में बदलाव हो सकता है। कुछ अधिकारियों के पास ज्यादा विभागों की जिम्मेदारी है, जिसे कम किया जा सकता है।

सीएम मोहन यादव विदेश यात्रा से रविवार को वापस आ गए हैं। उनके लौटते ही प्रदेश में बड़े प्रशासनिक फेरबदल की चर्चा तेज हो गई है। जो



आईएएस और आईपीएस अधिकारी ठीक से काम नहीं कर रहे हैं, उनकी धड़कनें बढ़ गई हैं। मुख्यमंत्री मंत्रालय से लेकर जिलों तक अधिकारियों में बदलाव कर सकते हैं।

**कई स्तर पर हो सकते हैं तबादले-** सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के लगभग एक दर्जन जिलों के कलेक्टर बदले जा सकते हैं। अलीराजपुर, भिंड, धार, रतलाम, शिवपुरी, गुना, रीवा और जबलपुर जैसे जिलों के कलेक्टर बदले जा सकते हैं। जबलपुर के कलेक्टर दीपक सक्सेना को राज्य स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। कुछ और जिलों के कलेक्टर भी बदले जा सकते हैं। लगभग 8-9 जिले ऐसे हैं जहां अपर कलेक्टर की पोस्ट खाली है। जॉइंट कलेक्टरों की खाली जगहों को भी भरा जा सकता है। प्रशासन इस बार इस बात का भी ध्यान रख रहा है कि अगर पति-पत्नी दोनों अधिकारी हैं तो उन्हें एक ही जिले में पोस्टिंग न दी जाए। इससे पहले कई बार ऐसा देखा गया है कि पति-पत्नी दोनों एक ही जिले में पदस्थ होते थे।

# जबलपुर समेत 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में 4 दिन से थमा भारी बारिश का दौर सोमवार रात से फिर शुरू हो गया है। भोपाल समेत कई जिलों में देर रात तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने मंगलवार को जबलपुर समेत 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। यहां अगले 24 घंटे में साढ़े 4 इंच तक पानी गिर सकता है। इससे पहले सोमवार को इंदौर समेत कई जिलों में बारिश हुई। इंदौर में तो सड़कों पर पानी भर गया।

मौसम विभाग के अनुसार, साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से अगले चार दिन तक भारी बारिश का दौर रहने वाला है। वहीं, मानसून ट्रफ लाइन भी एक्टिव है। दूसरी ओर, 24 जुलाई से बंगाल की खाड़ी



में नया लो प्रेशर एरिया (दम दबाव का क्षेत्र) सक्रिय हो रहा है। इसका असर भी प्रदेश में देखने को मिलेगा।

### इस सीजन में अब तक 20.7 इंच हो चुकी है बारिश

बता दें कि प्रदेश में इस मानसूनी सीजन में औसत 20.7 इंच बारिश हो चुकी है, जबकि अब तक 13.2 इंच बारिश होनी थी। इस हिसाब से 7.5 इंच बारिश ज्यादा हो चुकी है, जो 57% अधिक है। 3 जिले- निवाड़ी, टीकमगढ़ और श्योपुर में तो कोटा पूरा हो चुका है। इन जिलों में सामान्य से 15% तक ज्यादा पानी गिर चुका है।

# सवारी में सीएम यादव हुए शामिल, डमरू बजाया

◆ एक लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे







@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। श्रावण मास के दूसरे सोमवार को उज्जैन में भगवान महाकाल की दूसरी सवारी निकाली गई। सवारी में अलग-अलग दलों ने प्रस्तुति दी। सीएम डॉ. मोहन यादव के साथ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल भी इसमें शामिल हुए।**

सीएम डॉ. यादव ने भगवान महाकाल का पूजन किया। इसके बाद सवारी में डमरू बजाते हुए चले। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने झांझ बजाया। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल भी सवारी में साथ-साथ चले। महाकाल की सवारी शिप्रा घाट पहुंची। यहां पर महाकाल का पूजन किया गया। इसके बाद सवारी वापस मंदिर लौटी। इससे पहले रात 2.30 बजे महाकाल मंदिर के पट खोले गए। सोमवार रात का डेढ़ लाख से ज्यादा श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन कर चुके हैं। इधर, प्रदेश में खंडवा के ओंकारेश्वर में सुबह 5 बजे मंगला आरती हुई। ओंकार महाराज का फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। नैवेद्य में 56 भोग अर्पित किए गए। रायसेन के भोजेश्वर महादेव को 5 क्विंटल फूलों से सजाया गया। भोजपुर के शिव मंदिर में 25 हजार से ज्यादा लोग पहुंचे हैं। छतरपुर के जटाशंकर धाम में 3 किलोमीटर तक जाम लगा रहा।

# सरकारी कर्मचारियों के पेंशन सहित वित्तीय भुगतान जल्दी करें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **सभी शासकीय कर्मचारियों के पेंशन सहित अन्य वित्तीय भुगतानों के केस जल्दी निपटाएं। इन केसों के निराकरण में किसी भी तरह की लापरवाही और उदासीनता नहीं बरती जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पेंशन और वित्तीय भुगतान के केस किसी भी हाल में पेंडिंग नहीं रहे।**



ये निर्देश सोमवार को इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने समय-सीमा (टीएल) की बैठक में अधिकारियों को दिए हैं। साथ ही कहा है कि राजस्व महाअभियान के लक्ष्य भी निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों से संबंधित प्रत्येक प्रकरण का समय-सीमा में अनिवार्य रूप से निराकरण किया जाए। बैठक में शासकीय कर्मचारियों से संबंधित लंबित पेंशन सहित अन्य वित्तीय भुगतानों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि कोई भी सरकारी कर्मचारी पेंशन या भुगतान के लिए प्रतीक्षा में नहीं रहे। समयबद्ध भुगतान प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।

कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि अपने-अपने कार्यालय परिसरों का दिव्यांगजन अनुकूलता के संदर्भ में आकलन करें। प्रत्येक कार्यालय में रैम्प, व्हीलचेयर, दिव्यांग शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को बिना बाधा के सभी सेवाएं प्राप्त हों, यह शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक के दौरान जल जीवन मिशन की प्रगति पर भी चर्चा हुई।

कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों से कहा जिन तीन पंचायतों में कार्य शेष हैं, उन्हें अति शीघ्र पूर्ण किया जाए। हर घर नल से जल योजना को सफल बनाने के लिए जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाई जाए।

बैठक में कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे विभागीय समन्वय बनाए रखते हुए काम करें। यह सुनिश्चित करें कि शासन की योजनाएं और सेवाएं समय पर, पारदर्शी और प्रभावी रूप में नागरिकों तक पहुंचे।

## गोवा से इंदौर आ रही फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। गोवा से इंदौर आ रही इंडिगो की फ्लाइट में उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आ गई। विमान की इंदौर में ही इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट प्रबंधन ने बताया कि पायलट ने अंडर कैरिज वॉर्निंग का मैसेज भेजा था। इसके बाद विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। इसमें करीब 140 यात्री सवार थे। सभी सुरक्षित हैं।

इंडिगो की फ्लाइट ने सोमवार दोपहर 3.14 पर गोवा एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। रोजाना यह फ्लाइट 2.40 बजे गोवा एयरपोर्ट से इंदौर एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरती है। इंदौर पहुंचने पर पायलट ने देखा कि हाइड्रोलिक सिस्टम ठीक से काम नहीं कर रहा है। इसके बाद एटीसी (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) से संपर्क कर अंडर कैरिज वॉर्निंग की जानकारी दी। एटीसी ने विमान की इमरजेंसी लैंडिंग के लिए रनवे पर फायर ब्रिगेड और अन्य अधिकारियों को सूचित किया। जिसके बाद शाम 5.08 बजे लैंडिंग कराई गई।

## ओंकारेश्वर से महाकाल तक युवाओं की दौड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **मनीष पेसर्स आर्मी की टीम ने एक विशेष डाक कावड़ यात्रा निकाली, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश देना था। इस यात्रा में लगभग 15 धावकों ने भाग लिया और ओंकारेश्वर से महाकालेश्वर तक की करीब 151 किलोमीटर की दूरी बिना रुके महज 7 घंटे 50 मिनट में पूरी की। भरत बैरागी, अल्पेश गौड़, जेपी गुर्जर और अंकित शर्मा ने विधिवत पूजा-पाठ के साथ इस दौड़ की शुरुआत की।**



यात्रा के आयोजक मनीष गौड़ ने कहा कि युवाओं को यह सीख देना जरूरी है कि स्वस्थ शरीर में ही ईश्वर का वास होता है, इसलिए शरीर को मंदिर समझकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। कोच मनीष गौड़ ने बताया कि आज के समय में युवा नशे की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं, जो समाज के लिए चिंता का विषय है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह डाक कावड़ यात्रा आयोजित की गई, ताकि युवाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सके। उन्होंने कहा कि धर्म हमें सिखाता है कि शरीर ही पहला मंदिर है और इसे स्वस्थ रखना हमारी जिम्मेदारी है। यात्रा के माध्यम से यह भी बताया गया कि नियमित दौड़ और व्यायाम न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाते हैं। यह विशेष यात्रा ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग से शुरू हुई, जो नर्मदा नदी के तट पर स्थित एक प्रमुख शिवधाम है और अद्वैत वेदांत के प्रवर्तक आदि शंकराचार्य से जुड़ा हुआ है। यहां से धावकों ने मध्यप्रदेश के ही दूसरे पवित्र शिवधाम महाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन तक दौड़ लगाई, जो 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है और तंत्र, साधना और शिवभक्ति का प्रमुख केंद्र माना जाता है। इस आध्यात्मिक यात्रा ने धार्मिक आस्था के साथ-साथ शरीर और आत्मा की पवित्रता का भी संदेश दिया।

### सर्वश्रेष्ठ को इंदौर पुलिस देगी पुरस्कार और मंच

## 'नशे से दूरी' पर बनाएं रील या शार्ट फिल्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा नशे के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के तहत रील और शॉर्ट फिल्म प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग के नागरिक भाग ले सकते हैं।**

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि प्रतियोगिता के अंतर्गत बनाई जाने वाली रील की अवधि 60 से 90 सेकेंड और शॉर्ट फिल्म की अवधि 2 से 3 मिनट निर्धारित की गई है। प्रतिभागी हिंदी या अंग्रेजी भाषा में अपनी प्रविष्टि तैयार कर सकते हैं, जिसे MP4 फॉर्मेट में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अंतिम तिथि 25 जुलाई तय की गई है।

### अभियान से क्रिकेटर और फिल्मी कलाकार भी जुड़ चुके

इस अभियान के तहत अब तक शहर के स्कूलों, कॉलेजों, संस्थानों और झुग्गी-बस्तियों में जाकर नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता फैलाई जा रही है। इसके अलावा लोक सेवा वाहनों पर पंपलेट्स भी लगाए गए हैं। अभियान से कई क्रिकेटर और फिल्मी कलाकार भी जुड़ चुके हैं, जिन्होंने वीडियो संदेशों के माध्यम से समाज को नशे से दूर रहने की अपील की है।

### प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए ये रहेंगे नियम

प्रविष्टियां पूरी तरह मौलिक और पूर्व में अप्रकाशित होनी चाहिए। रचनाओं का विषय नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता पर केंद्रित होना चाहिए। अश्लील, हिंसक या आपत्तिजनक सामग्री की प्रविष्टियां मान्य नहीं होंगी। कॉपीराइट युक्त संगीत, वीडियो क्लिप या छवियों का उपयोग वर्जित है। प्रतिभागी केवल एक ही प्रविष्टि भेज सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जाएगा। आयोजक रचनाओं को साझा करने, प्रदर्शित करने और संग्रहित करने का अधिकार रखते हैं।

### निर्णायकों का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा

प्रतियोगिता में विजेता को पुरस्कृत किया जाएगा और सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों को इंदौर पुलिस द्वारा सार्वजनिक मंचों पर प्रदर्शित कर प्रोत्साहित किया जाएगा। रील या शॉर्ट फिल्म भेजने के लिए वॉट्सऐप नंबर भी जारी किया गया है।

## महिला और उसकी बेटी को मनचलों ने परेशान किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। राजेंद्र नगर क्षेत्र में एक महिला और उसकी बेटी को मनचलों ने परेशान किया। रास्ते में काफी दूर तक युवकों ने दोनों का पीछा किया। मां-बेटी ने किसी तरह अपनी जान बचाई। पीछा करने वालों में से एक की बाइक का नंबर उन्होंने नोट कर लिया। पुलिस ने मामले में महिला से आवेदन लिया, जिस पर रविवार को एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने कुछ संदेहियों को हिरासत में लिया है।

राजेंद्र नगर पुलिस के अनुसार, पीड़िता की उम्र 44 साल है और वह केट रोड स्थित एक टाउनशिप में रहती हैं। 17 जुलाई की रात करीब 10 बजे वह अपनी बेटी के साथ दोपहिया वाहन से केट रोड चौराहे की तरफ जा रही थीं। तभी तीन-चार अलग-अलग बाइकों पर सवार कुछ युवकों ने उनका पीछा किया। रास्ते में युवकों ने अश्लील टिप्पणियां कीं और बार-बार वाहन को ओवरटेक कर कट मारने लगे। महिला ने जब उन्हें रोका, तो वे गाली-गलौज करने लगे और छूने की कोशिश भी की। इसी दौरान उन्होंने एक स्कूटर का नंबर MP09 DQ 8576 नोट किया। नंबर नोट करते समय युवकों ने उनकी बाइक से गिराने की भी कोशिश की। इसके बाद वे वहां से निकल गए, लेकिन जब मां-बेटी केट चौराहे से डी मार्ट की ओर पहुंचे, तो रास्ते में कुछ युवक फिर खड़े मिले। इनमें से किसी ने उन पर ईंट फेंकी, हालांकि दोनों बाल-बाल बच गईं। मामले में पीड़िता ने तीन दिन बाद पुलिस में शिकायत की।

## बिना लाइसेंस के संचालित हाई बर्न न्यूट्रिशन दुकान सील

**इंदौर**। प्रोटीन की हाई क्वालिटी के नाम पर बिक रहे प्रोडक्ट्स को लेकर कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा संबंधित दुकानों और केंद्रों की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को खाद्य विभाग ने एक दुकान की जांच की, तो पता चला कि वह काफी समय से संचालित हो रही है। इस पर कार्रवाई करते हुए दुकान को सील कर दिया गया। दोपहर को एडीएम गौरव बैनल के नेतृत्व में गठित एक टीम सपना संगीता रोड, टावर चौराहा स्थित हाई बर्न न्यूट्रिशन एंड फिटनेस प्रा. लि. नामक दुकान पर पहुंची, तो पता चला कि यहां बिना खाद्य लाइसेंस के संचालन हो रहा था। यहां हाई क्वालिटी प्रोटीन के नाम पर कई उत्पाद बेचे जा रहे थे। फूड इंस्पेक्टर मनीष स्वामी ने जब संबंधित लोगों से लाइसेंस के बारे में जानकारी ली, तो स्पष्ट हुआ कि दुकान का संचालन बिना लाइसेंस के ही किया जा रहा था। टीम ने मौके पर खाद्य पदार्थों और प्रोटीन पाउडर के नमूने लिए। इसके साथ ही नोटिस दिया गया और लाइसेंस मिलने तक की अवधि के लिए सील कर दिया गया। यहां से लिए गए सैंपल जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। इसी कड़ी में गजाजन इंडस्ट्रियल पार्क, नेमावर रोड स्थित एवीई लाइफ साइंस प्रा. लि. में भी छानबीन कर प्रोटीन पावडर के सैंपल लिए गए।

# गणेशजी की गोद में मॉडलिंग करती युवती को बैठाया

## मूर्तिकारों की पिटाई हुई, मुंह काला किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** खजराना क्षेत्र में रविवार शाम उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गणेश प्रतिमा के मॉडर्न स्वरूप पर आपत्ति जताते हुए प्रतिमा बनाने वाले बंगाली मूर्तिकारों पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगाया। नाराज कार्यकर्ताओं ने तीन कलाकारों के मुंह पर कालिख पोत दी और उन्हें थाने ले जाकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मूर्तिकारों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार, खजराना क्षेत्र में कुछ बंगाली कारीगर भगवान गणेश की ऐसी प्रतिमा बना रहे थे, जिसमें वे एक मॉडलिंग करती महिला को गोद में उठाए दिखाए गए थे। यह जानकारी मिलते ही बजरंग दल के विभाग संयोजक प्रवीण दरेकर कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे और विरोध करते हुए मूर्तिकारों चंद्रनाथ पाल, रतनलाल पाल और राजू पाल का मुंह काला कर दिया। बजरंग दल के संयोजक लक्की रघुवंशी ने थाने में शिकायत देकर कहा कि यह पहली बार नहीं है जब इन कलाकारों ने देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को आपत्तिजनक रूप में दर्शाया हो। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले वर्ष भी इन कारीगरों ने माता की प्रतिमा को बुर्का जैसा पहनावा पहनाकर भावनाएं आहत की थीं। हालांकि, उस मामले में पुलिस जांच में आरोप सिद्ध नहीं हो पाए थे। रघुवंशी ने यह भी आरोप लगाया कि इन मूर्तिकारों के साथ काम कर रहे 50 से अधिक मजदूरों का पुलिस वेरिफिकेशन नहीं कराया गया है, जिससे सुरक्षा और सामाजिक शांति पर सवाल उठते हैं। पुलिस अब सभी मजदूरों और कारीगरों के दस्तावेजों की जांच कर रही है। खजराना थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि सभी मूर्तिकारों की बैठक ली गई है और उन्हें निर्देशित किया गया है कि प्रतिमा निर्माण में धार्मिक भावनाओं का पूरा सम्मान रखा जाए। किसी भी आपत्तिजनक डिजाइन से परहेज किया जाए और सामाजिक सौहार्द बना रहे। पुलिस ने सभी कारीगरों का विवरण रजिस्टर में दर्ज किया है, जिसमें उनके नाम, पते और आधार कार्ड की जानकारी शामिल हैं। गौरतलब है कि पिछले साल नवरात्रि के दौरान भी खजराना में मूर्तिकारों ने एक देवी प्रतिमा को बुर्का जैसी पोशाक में दिखाया था, जिस पर विवाद खड़ा हो गया था। उस वक्त भी बजरंग दल ने थाने में शिकायत दी थी और पुलिस ने पूछताछ कर एक मूर्तिकार पर धार्मिक भावनाएं भड़काने का प्रकरण दर्ज किया था। इस ताजा घटना के बाद इलाके में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और धार्मिक सौहार्द बनाए रखने की अपील कर रही है।

# टेली कॉलर युवती का शारीरिक शोषण कर फरार हुआ युवक



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भंवरकुआं थाने में एक युवती ने शादी का झांसा देकर रेप करने का मामला दर्ज कराया है। युवती टेली कॉलिंग का काम करती है और पिछले एक साल से आरोपी हिमांशु चौरसिया के साथ लिव-इन में रह रही थी। आरोपी अब शादी से इनकार कर फरार हो गया है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता और आरोपी हिमांशु पुत्र हरिओम चौरसिया की जान-पहचान पांच साल पुरानी है। दोनों के बीच पहले फोन पर बातचीत होती थी। करीब एक साल पहले हिमांशु ने युवती को शादी का प्रस्ताव दिया और भरोसा दिलाया कि वह जल्दी ही शादी करेगा। इसी भरोसे पर दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने कई बार शारीरिक संबंध बनाए। लेकिन 10 जुलाई को आरोपी ने युवती से विवाद किया और कहा कि वह अब उसके साथ नहीं रह सकता, बल्कि किसी और से शादी करेगा। इसके बाद वह अपना सामान लेकर चला गया और वापस नहीं लौटा। जब पीड़िता ने उसे कॉल किया, तो उसने उसे फोन पर भी ब्लॉक कर दिया। पता चला कि वह अब किसी अन्य स्थान पर रह रहा है। युवती ने हिमांशु से संपर्क करने की कई कोशिशें कीं, लेकिन वह नहीं मिला। जब युवती ने पुलिस में शिकायत की बात की, तो हिमांशु वह ठिकाना भी छोड़कर फरार हो गया। भंवरकुआं पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है और उसकी तलाश की जा रही है।



# सीहोर में शिवभक्ति की भव्य झलक, कुबेरेश्वरधाम में एक लाख श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**सीहोर, एजेंसी।** सावन के दूसरे सोमवार को कुबेरेश्वरधाम शिव भक्ति में डूबा रहा। सीवन नदी के तट से लेकर मंदिर परिसर तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। देश के कोने-कोने से आए लाखों कांवड़िए कंधों पर जल लेकर भोलेनाथ को अर्पित करने पहुंचे। इस पावन अवसर पर हर मार्ग पर 'हर-हर महादेव' के जयघोष, डीजे-झांकियां और सेवा पंडालों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। हरियाणा से आए श्रद्धालु आशीष ने लगभग 80 किलो गंगाजल लेकर भगवान शिव को अर्पित किया। डाक कांवड़ की रफ्तार लगातार बढ़ रही है। श्रद्धालु संतान,



नौकरी और अन्य मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए कांवड़ लेकर धाम पहुंच रहे हैं।

**शिव भक्तों की सेवा सबसे बड़ी भक्तिः पंडित प्रदीप मिश्रा-** श्रावण मास में कुबेरेश्वरधाम में आयोजित ऑनलाइन शिव महापुराण कथा के पहले दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने शिव भक्ति और सेवा का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि शिव भक्तों की सेवा सबसे बड़ी भक्ति है और शिव पुराण हमारे जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल सकता है। पंडित मिश्रा ने देवराज ब्राह्मण की कथा का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे एक पापी और धन के पीछे भागने वाला व्यक्ति केवल शिवमहापुराण की कथा सुनकर शिवलोक को प्राप्त कर सका। उन्होंने कहा कि सावन मास में भोलेनाथ की पूजा करने से सभी पाप नष्ट होते हैं।

**रुद्राभिषेक से प्रसन्न होते हैं भगवान शिव-** कथा के दौरान उन्होंने रुद्राभिषेक की महिमा भी बताई। उन्होंने कहा कि भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए बड़े अनुष्ठान की आवश्यकता नहीं होती, केवल जल और बेलपत्र से भी भोलेनाथ प्रसन्न हो जाते हैं। रुद्राभिषेक में प्रयुक्त वस्तुएं जैसे दूध, घी, शहद, बेलपत्र, धतूरा आदि स्वास्थ्यवर्धक भी होते हैं और इनसे शिव कृपा प्राप्त होती है।

## भाजपा विधायक शुक्ला के बेटे पर महाकाल के गर्भगृह में जबरन घुसने और कर्मचारी को धमकाने का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** इंदौर तीन विधानसभा सीट से भाजपा विधायक गोलू शुक्ला और उनका बेटा रुद्राक्ष एक बार विवाद में फंस गए हैं। आरोप है कि विधायक शुक्ला रविवार रात को अपने बेटे के साथ कांवड़ यात्रा लेकर विश्व प्रसिद्ध उज्जैन श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। भस्म आरती के दौरान रुद्राक्ष ने गर्भगृह में प्रवेश करने का प्रयास किया। रोकने पर कर्मचारी से दुर्व्यवहार किया और जबरन गर्भगृह में प्रवेश कर गए।

इस दौरान भस्म आरती का लाइव प्रसारण भी बंद करा दिया गया। भाजपा विधायक के बेटे की इस हरकत पर प्रशासनिक अधिकारी चुप हैं। इधर सोमवार को अधिकारी बाबा महाकाल की सवारी में होने के हवाला देकर कुछ भी कहने से बच रहे हैं। आरोप है कि सावन महीने के दूसरे सोमवार को इंदौर-3 के भाजपा विधायक गोलू



शुक्ला के बेटे रुद्राक्ष ने गर्भगृह में जबरन प्रवेश किया। इस दौरान मंदिर कर्मचारी आशीष दुबे ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन रुद्राक्ष नहीं माने, उन्होंने कर्मचारी को धमकाया। इस दौरान विधायक गोलू शुक्ला भी वहां मौजूद थे। विवाद के बाद दोनों ने करीब पांच मिनट तक पूजा-अर्चना की। हालांकि, विवाद को लेकर विधायक शुक्ला ने इनकार किया है। उन्होंने मामले को लेकर कहा है कि कांवड़ यात्रा लेकर हम उज्जैन गए थे। दर्शन भी विधिवत रूप से किए। किसी भी तरह से नियमों का उल्लंघन नहीं किया गया है।

बता दें कि महाकाल मंदिर में लाइव दर्शन की व्यवस्था है, जिससे श्रद्धालु कभी भी ऑनलाइन दर्शन कर सकते हैं। ये भी कहा जा रहा है कि सावन के दूसरे सोमवार को भस्म आरती से ठीक पहले यूट्यूब पर चल रहा लाइव अचानक ब्लैक आउट हो गया। करीब एक मिनट तक सिर्फ अंधेरा यानी ब्लैक स्क्रीन दिखाई दी। आरोप है कि इस दौरान ही विधायक शुक्ला के बेटे रुद्राक्ष ने बाबा महाकाल के गर्भगृह में प्रवेश किया था। भाजपा विधायक के बेटे रुद्राक्ष पर ऐसा आरोप पहली बार नहीं लगा है। चार साल पहले भी वे ऐसा कर चुके हैं। इस दौरान भी उन्होंने बाबा महाकाल मंदिर के गर्भगृह में जाकर दर्शन किए। तब रुद्राक्ष अपने दोस्तों के साथ यहां पहुंचे थे। अब एक बार फिर उन पर यही आरोप लगे हैं।

## ओंकारेश्वर में दो युवक डूबे, एक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। सावन सोमवार के दिन ओंकारेश्वर में फिर एक हादसा हो गया। नर्मदा स्नान के दौरान दो युवक गहरे पानी में डूब गए, जिनमें चित्तौड़ से आए विशाल को बचा लिया गया, जबकि नीमच निवासी 26 वर्षीय पंकज की मौत हो गई। हादसा सुबह करीब 11 बजे गौमुख घाट पर हुआ।**

नीमच निवासी पंकज पिता कैलाश (26 वर्ष) और राजस्थान के चित्तौड़गढ़ निवासी विशाल अपने-अपने परिवार के साथ ओंकारेश्वर दर्शन करने पहुंचे थे। गौमुख घाट पर स्नान करते समय दोनों गहरे पानी में चले गए। घाट पर पहले से तैनात एसडीआरएफ की टीम ने तत्काल सर्चिंग शुरू की। रेस्क्यू टीम ने विशाल को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन पंकज को गंभीर हालत में बाहर लाया गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत



घोषित कर दिया। हादसे के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई। एसडीईआरएफ की त्वरित कार्रवाई से एक युवक को तो बचा लिया गया, लेकिन पंकज की मौत से उसके परिवार की महिलाएं बेसुध हो गईं। घटना के समय घाट पर भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे, जिससे राहत कार्य में भी थोड़ी देर हुई। ओंकारेश्वर में नर्मदा स्नान के दौरान डूबने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। 16 जुलाई को इंदौर से आए दो सगे भाई नर्मदा-कावेरी संगम घाट पर डूबे थे। तीन दिन तक तलाश के बाद ही उनके शव मिले। हादसों के बाद भी प्रशासनिक स्तर पर पुख्ता सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए हैं।

## टीआई ने जहर खाया, हालत गंभीर

### पारिवारिक कारणों से उठाया आत्मघाती कदम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल के निशातपुरा थाना प्रभारी रूपेश दुबे ने खुदकुशी की कोशिश की है। रविवार रात को उन्होंने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। उनकी पत्नी उन्हें लेकर नेशनल अस्पताल पहुंची। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें आईसीयू में रखा गया है। इस घटना के पीछे पारिवारिक तनाव को वजह बताया जा रहा है। टीआई रूपेश दुबे के जहर खाने की सूचना मिलने



पर कई पुलिस अधिकारी रात में ही अस्पताल पहुंच गए। टीआई रूपेश दुबे कोलार इलाके में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहते हैं। इसके अलावा उन्होंने निशातपुरा थाने के पास भी एक मकान किराए से लिया हुआ है। रविवार रात इसी मकान में उन्होंने जहरीला पदार्थ खाया। बताया जा रहा है कि टीआई रूपेश दुबे की पत्नी से फोन पर बहस चल रही थी और उसी दौरान उन्होंने जहर खा लिया। जहर खाने की बात उन्होंने पत्नी को बताई। जिसके बाद पत्नी मौके पर पहुंचीं और स्टाफ की मदद से उन्हें अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा है कि टीआई और उनकी पत्नी के बीच पिछले कुछ समय से आपसी मतभेद और तनाव चल रहा था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इन्हीं पारिवारिक कारणों के चलते उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया।

## डूबने से दो सगी बहनों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मैहर, एजेंसी।** देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत बांधिया गांव में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में दो मासूम सगी बहनों की जान चली गई। गांव में संचालित एक खुली खदान में डूबने से पुष्पा कोल और प्राची कोल, उम्र लगभग 10 वर्ष, की मौत हो गई। दोनों मृत बच्चियां पिट्टू कोल की पुत्रियां थीं और गांव की निवासी थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, खदान लंबे समय से खुली और लापरवाही से छोड़ी गई थी, जहां पानी भर गया था। खेलते-खेलते दोनों बहनें पानी में चली गईं और डूब गईं। जब तक ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकाला, तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

## एक को बचाने में दूसरा युवक भी डूबा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास, एजेंसी।** देवास और इंदौर जिले की सीमा पर घने जंगल के बीच स्थित खतरनाक पिकनिक स्पाट भैरव कुंड में इंदौर से घूमने पहुंचे युवकों में से एक रविवार शाम को गहरे पानी में डूबने लगा, उसे बचाने के प्रयास में एक अन्य युवक भी डूब गया। सूचना मिलने के बाद देवास जिले के उदयनगर से पुलिस मौके पर पहुंची, कुछ आसपास के लोग भी एकत्रित हुए लेकिन अंधेरा हो जाने के कारण डूबे युवकों का कुछ पता नहीं चल सका। इसके बाद अगले दिन सोमवार सुबह पुलिस की मदद से सर्चिंग अभियान चलाया गया। काफी देर की मशक्कत के बाद दोनों के शव निकाले जा सके। उदयनगर के शासकीय अस्पताल में पीएम करवाने के बाद शव स्वजनों के सुपुर्द कर दिए गए। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। उदयनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार शाम को इंदौर से दो दलों में करीब 10 से 12 युवक भैरवकुंड पहुंचे थे। यहां नहाते समय गौरव पुत्र राजेश निवासी रामकृष्ण कॉलोनी इन्दौर गहरे पानी में जाने से डूबने लगा उसे बचाने के लिए विवेक उर्फ़ विक्की पुत्र भरत निवासी अभिनंदन नगर इंदौर गहरे पानी की ओर आगे बढ़ा लेकिन वह भी डूब गया। भैरव कुंड घने जंगल के बीच होने के कारण वहां पर किसी प्रकार के कोई सुरक्षा के इंतजाम नहीं है। ना तो कोई चेतावनी वाले बोर्ड लगे हैं ना ही किसी प्रकार की रेलिंग है। यहां आने वाले लोगों में सबसे अधिक संख्या इंदौर वालों की रहती है। लोगों को कुंड की गहराई का अंदाजा नहीं रहता और गहरे पानी में जाने से डूब जाते हैं। वर्ष 2023 में 15 अगस्त को भैरव कुंड में इंदौर के तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई थी। ये चंदन नगर और खजराना क्षेत्र के निवासी थे।

## हरिओम नागर का पार्थिव शरीर पहुंचा

**भोपाल, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के सियाचिन में मातृभूमि की सेवा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए राजगढ़ जिले के ग्राम टूटियाहैड़ी निवासी सिपाही श्री हरिओम नागर का पार्थिव शरीर सोमवार सायं लगभग 4 बजे विशेष विमान से भोपाल पहुंचा। भोपाल एयरपोर्ट पर नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला तथा अपर जिला दण्डाधिकारी श्री अंकुर मेश्राम ने पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और भारत माँ के इस वीर सपूत को नमन किया।

## कीचड़ में स्कूली बच्चों ने रील बनाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी।** अमाव गांव की छात्रा वैष्णवी मिश्रा ने बच्चों के कीचड़ भरे रास्ते और नालों से गुजरते हुए स्कूल जाने की रील बनाई। इसे सोशल मीडिया पर शेयर कर कलेक्टर और भाजपा विधायक से सड़क बनाने की मांग की। वीडियो वायरल होने के बाद मामला त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी और कलेक्टर प्रतिभा पाल के पास पहुंचा। इसके बाद उन्होंने अफसरों को गांव की सड़क का सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं। अफसरों से कहा गया है कि निर्माण प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए।

## नवजात को फेंका

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** एक युवती ने नवजात शिशु को कचरे के साथ डस्टबिन में भरकर फेंक दिया। कुछ देर बाद वहां आवारा कुत्ते पहुंचे। जिन्होंने बच्चे को नोच डाला। लोगों की नजर पड़ी तो कुत्तों को भगाकर पुलिस को बुलाया। मौके पर पहुंची पुलिस बच्चे को जिला अस्पताल ले गई। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## संपादकीय

# हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार

मॉनसून सत्र का पहला दिन हंगामेदार रहा। लोकसभा में सदन की कार्यवाही शुरू होने के वक्त से ही विपक्ष की नारेबाजी होती रही। बिजनेस अडवाइजरी कमिटी में तय किया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर पर अगले हफ्ते चर्चा होगी। लोकसभा में चर्चा के लिए 16 घंटे का वक्त रखा गया। अलग-अलग पार्टी के प्रतिनिधित्व के हिसाब से उन्हें वक्त दिया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि इस चर्चा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी हिस्सा ले सकते हैं। बीजेपी के एक सीनियर नेता ने कहा कि पीएम ने कहा है कि यह सत्र विजयोत्सव होगा और पीएम खुद हमारी सेना की हौसला अफजाई में कोई कमी नहीं रखेंगे। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले से ही सदन में ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र होने लगा था। सदन की कार्यवाही शुरू से पहले पीएम मोदी की मौजूदगी में बीजेपी सांसदों ने नारे लगाए और कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने देश का मान बढ़ाया है। सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो कांग्रेस सांसदों सहित विपक्ष ने पहलगाम आतंकी हमले और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के मध्यस्थता वाले बयान पर पीएम से जवाब देने की मांग की। इसे लेकर लगातार नारेबाजी होती रही। इसकी वजह से सदन की कार्यवाही कई बार स्थगित हुई और कामकाज नहीं हो पाया। सरकार की तरफ से लगातार कहा गया कि हम हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार है। संसदीय कार्यमंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि पहले दिन इस तरह हंगामा करना ठीक नहीं। विपक्षी सांसदों ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने का मौका नहीं दिया गया। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने कहा कि सरकार बस अपनी बात सुनाना चाहती है और विपक्ष को बोलने का मौका भी नहीं दिया जाता। नेता प्रतिपक्ष ने दो बार बोलने का आग्रह किया लेकिन उन्हें बोलने नहीं दिया गया। बीजेपी सांसद और चीफ विप संजय जायसवाल ने दावा किया कि राहुल गांधी खुद बोलने से भाग रहे थे। उन्होंने कहा कि स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष गांधी को 12 बजे बोलने का वक्त दिया था लेकिन वे तब सदन में पहुंचे ही नहीं और 10 मिनट बाद आए। उन्होंने कहा कि विपक्षी सांसद नारेबाजी करते रहे। बिजनेस अडवाइजरी कमिटी में तय हुआ कि ऑपरेशन सिंदूर पर 16 घंटे चर्चा होगी। यह अगले हफ्ते होगी क्योंकि पीएम मोदी इस हफ्ते विदेश दौरे पर जा रहे हैं। विपक्ष ने चर्चा अगले हफ्ते तक टालने पर विरोध भी जताया साथ ही मांग की कि चर्चा के दौरान गृह मंत्री और रक्षा मंत्री दोनों को सदन में मौजूद रहना चाहिए। कांग्रेस नेता के. सुरेश ने कहा कि हमारी मांग है कि चर्चा तत्काल शुरू हो लेकिन सरकार ने कहा कि अगले हफ्ते चर्चा शुरू होगी। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि विपक्ष चाहता है कि चर्चा तत्काल शुरू हो लेकिन सरकार यह नहीं बता रही है कि चर्चा किस दिन से शुरू होगी।

### अर्ज़ किया है..!

*मुझ से नफ़रत है*
*अगर उस को तो इज़हार करे*
*कब मैं कहता हूँ*
*मुझे प्यार ही करता जाए*

-इफ़्तिख़ार नसीम

"सत्य छिपाने से नहीं, स्वीकार करने से शक्ति देता है।"

➤ संदर्भ: महाभारत – कर्ण ने जन्म का सत्य छिपाया, जिससे जीवनभर द्वंद में रहा।



## Health is Wealth

# बच्चे की दिमागी सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं ये 5 फूड

## याददाश्त होने लगती है कमजोर



**आज दुनियाभर में वर्ल्ड ब्रेन डे 2025 मनाया जा रहा है। विश्व मस्तिष्क दिवस 2025 मनाने के पीछे का उद्देश्य लोगों के बीच मस्तिष्क से जुड़े रोगों और दिमागी सेहत को अच्छा बनाए रखने के तरीकों के बारे में जागरुकता फैलाना है। ज्यादातर पेरेंट्स अपने बच्चों के दिमाग को तेज बनाए रखने के लिए उनकी डाइट में बादाम और अखरोट को शामिल करते हैं। बावजूद इसके बच्चों की रोजमर्रा की खान-पान की कुछ आदतें उनके दिमाग पर बुरा असर डालकर उनकी याददाश्त को कमजोर बना रही होती है। आज विश्व मस्तिष्क दिवस के खास मौके पर आइए जानते हैं 5 ऐसे फूड्स के बारे में, जिनका नियमित सेवन बच्चों की दिमागी सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है।**

### बच्चों की दिमागी सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं ये 5 फूड्स

#### पैकेट फूड्स

आजकल चिप्स, नूडल्स, ड्रिंक्स, कुकीज और स्नैक्स जैसे कई पैकेट फूड बच्चों की फेवरेट फूड लिस्ट में शामिल होते हैं। इस तरह के फूड्स में वसा की मात्रा अधिक और शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्वों की कमी होती है। इस तरह के फूड्स का सेवन बच्चों के व्यवहार में बदलाव लाने के साथ याददाश्त पर भी बुरा असर डालता है।

#### रिफाइंड शुगर स्नैक्स

बच्चों के अच्छे दिमागी विकास के लिए उन्हें रिफाइंड शुगर का अधिक सेवन ना करने दें। बाजार में मिलने वाले जूस या ड्रिंक्स को बनाने के लिए आर्टिफिशियल शुगर का यूज किया जाता है। जो बच्चों में ब्लड शुगर का लेवल बढ़ाने के साथ उनके मूड पर भी नेगेटिव असर डाल सकता है। इसके अलावा, इस तरह के पेय बच्चों में थकान, सुस्ती और ध्यान केंद्रित करने में बाधा उत्पन्न कर सकते हैं।

#### रंग-बिरंगे फूड आइटम्स

बच्चों को खाने-पीने की रंग बिरंगी चीजें जैसे कैंडी, जेली बेहद पसंद होती है। लेकिन इनके नियमित सेवन से बच्चे के दिमाग पर नेगेटिव असर पड़ सकता है। इस तरह की चीजों में आर्टिफिशियल रंग मिला होता है, जो बच्चों में एंग्जाइटी, हाइपरएक्टिविटी और एडीएचडी जैसी समस्याओं का कारण बन सकता है।

#### कैफीन से रखें बच्चों को दूर

कम उम्र में बच्चों को कैफीन वाली चीजें खाने के लिए देना उनकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। कैफीन ड्रिंक्स का सेवन बच्चों में बैचेनी, अच्छी नींद लेने में परेशानी और चिंता जैसे लक्षण पैदा कर सकता है।

#### वसा से भरपूर चीजें

अधिक वसा वाली चीजों का सेवन बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकता है। ये खासतौर पर जंक फूड, तले हुए खाद्य पदार्थों और बेक्ड वस्तुओं में पाई जाती हैं। इनका नियमित सेवन मस्तिष्क में सूजन पैदा करके रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचा सकता हैं। जिससे मस्तिष्क को पर्याप्त रक्त और ऑक्सीजन नहीं मिल पाता है।

New Delhi

# कश्मीर-हिमाचल में मौसमी कहर, लैंडस्लाइड में 4 लोगों की मौत, राजस्थान से मुंबई तक भयंकर बारिश

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में भूस्खलन और मूसलाधार बारिश ने कहर बरपाया, जिसमें सोमवार को एक पांच वर्षीय बच्चे सहित चार लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए. जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले पुराने मार्ग पर हुए भीषण भूस्खलन में 70 वर्षीय एक तीर्थयात्री की मौत हो गई तथा नौ अन्य घायल हो गए. अधिकारियों ने बताया कि एक बुकिंग कार्यालय और एक ऊपरी लोहे का ढांचा भूस्खलन के भार से ढह गया. यह भूस्खलन कटरा कस्बे में हुई भारी बारिश के कारण हुआ, जो त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित तीर्थयात्रियों



के लिए आधार शिविर है. मौसम विभाग के अनुसार, कटरा शहर में सोमवार सुबह 8:30 बजे तक पिछले 24 घंटों में 184.2 मिमी बारिश दर्ज की गई. जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में रात भर हुई भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से एक सरकारी स्कूल प्रभावित हुआ, जिसमें एक छात्र की मौत हो गई और पाँच लोग घायल हो गए. उपराज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जानमाल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया है. रविवार रात हिमकोटि के निकट एक और भूस्खलन के कारण नया मार्ग अवरुद्ध हो गया था, तथा इसे बहाल करने के प्रयास जारी हैं. जम्मू में भूस्खलन की चपेट में आकर एक पुलिस अधिकारी घायल हो गया.

Bihar

## चंदन मिश्रा हत्याकांड में अब पुलिस का एनकाउंटर, तौसीफ को गन देने वाले बलवंत समेत 2 को मारी गोली



**भोजपुर, (एजेंसी)** चर्चित चंदन मिश्रा हत्याकांड में आरोपियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई है। भोजपुर जिले के आरा से सटे बिहिया इलाके में मुठभेड़ में पुलिस-एसटीएफ ने अपराधियों को गोली लगने और तीन की गिरफ्तारी की सूचना है। घायल अपराधियों में बलवंत कुमार, उम्र 22 वर्ष पिता जंगबहादुर सिंह , लीलाधरपुर परसिया, जिला बक्सर और रविरंजन सिंह, उम्र 20 वर्ष, पिता केश्वर सिंह, चकरही, बिहिया, जिला भोजपुर शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक, बिहिया-कटेया पथ पर नदी के समीप मंगलवार की सुबह करीब पौने छह बजे यह मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में घायल दो अपराधियों को सुबह 6.25 बजे बिहिया अस्पताल लाया गया। यहां से बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। रविरंजन को जांघ में गोली लगी है, जबकि बलवंत को हाथ-पैर में गोली लगी है। पुलिस ने अभिषेक नाम के एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार भी किया है।

पटना के पारस अस्पताल में गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या के बाद अब कई खुलासे हो रहे हैं। इस केस में बलवंत का नाम भी सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक, बलवंत शूटरों को लेकर पारस अस्पताल पहुंचा था और वह शेरू सिंह के संपर्क में था। सूत्रों की मानें तो जिन शूटरों ने चंदन की हत्या की उनमें से पांच को बलवंत लेकर आया था।

New Delhi

## एनसीआर में फिर दबे पांव डरा गया भूकंप, कहां था केंद्र और कितनी तीव्रता

**नई दिल्ली, (एजेंसी) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में एक बार फिर दबे पांव भूकंप डरा गया। मंगलवार सुबह फरीदाबाद में हल्के भूकंप का झटका महसूस किया गया। दिल्ली से सटे हरियाणा के इस शहर में सुबह ठीक 6 बजे यह भूकंप आया। गनीमत रही कि भूकंप की तीव्रता नुकसान पहुंचाने लायक नहीं थी।**

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक फरीदाबाद में भूकंप का केंद्र फरीदाबाद में था। जमीन से 5 किलोमीटर नीचे यह हलचल हुई थी। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.2 मापी गई। यह हल्के दर्जे की श्रेणी में आता है। 5 से कम तीव्रता के भूकंप में आमतौर पर नुकसान की आशंका नहीं होती है। फरीदाबाद या आसपास के किसी इलाके से भूकंप से किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है।

भूकंप की तीव्रता कम थी और अधिकत लोग जागे नहीं थे, इस वजह से कम ही लोगों ने झटके महसूस किए। ऊंची इमारतों में रहने वाले कई लोगों ने कंपन को महसूस किया। जिन लोगों ने भूकंप को महसूस किया वह इसकी तीव्रता नहीं बल्कि इसलिए चिंतित हो गए क्योंकि हाल के समय में कई बार धरती डोल चुकी है।

Chhattisgarh

## बहू ने प्रेमी संग रची साजिश, ससुर को करंट देकर मार डाला... छत्तीसगढ़ के बालोद में खौफनाक हत्याकांड

**बालोद, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के बालोद में सनसनीखेज हत्याकांड सामने आया है. यहां बहू ने अपने म्यूजिकल टीचर प्रेमी के साथ मिलकर ससुर की हत्या कर दी. आरोपियों ने हत्या को हादसा दिखाने की भी पूरी कोशिश की, लेकिन शरीर पर मिले चोट के निशानों ने साजिश का पर्दाफाश कर दिया. पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पूरा मामला डौण्डी लोहारा थाना क्षेत्र का है. पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने बताया कि मृतक मनोहर निर्मलकर की हत्या उसकी बहू गीता निर्मलकर और उसके प्रेमी लेखराम निषाद ने मिलकर की. गीता का म्यूजिक क्लास के दौरान लेखराम से प्रेम प्रसंग हो गया था. इसी के बाद गीता ने ससुर की हत्या की साजिश रची. वारदात के दिन लेखराम अपने साथ इलेक्ट्रिशियन ग्लव्स, तार और लोहे की रॉड (सब्बल) लेकर गीता के घर पहुंचा. रॉड में तार लपेटकर गीता के हाथों में ग्लव्स पहनाए और बहू से ससुर को करंट लगवाया. वहीं लेखराम ने स्विच बोर्ड चालू कर दिया, जिससे करंट लगने से मनोहर निर्मलकर की मौके पर ही मौत हो गई. हत्या के बाद गीता ने चालाकी दिखाते हुए परिजनों और ग्रामीणों को बताया कि उसके ससुर शराब के नशे में साइकिल से गिर पड़े, जिससे उनकी मौत हो गई, लेकिन जब अंतिम संस्कार के दौरान ग्रामीणों ने मृतक के शरीर पर गंभीर चोट के निशान देखे तो शक गहराया और उन्होंने डौण्डी लोहारा पुलिस को सूचना दी.

खेल

## दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली पर विचार के लिए कार्य समिति गठित, अगले साल से फिर से शुरू होगी चैंपियंस लीग टी20

**दुबई, (एजेंसी) आईसीसी ने नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय एक कार्यसमूह का गठन किया है। यह समिति टेस्ट क्रिकेट को दो-स्तरीय प्रणाली में पुनर्गठित करने की संभावना का पता लगाएगी। इस समिति का गठन सिंगापुर में आईसीसी की वार्षिक आम बैठक के दौरान अध्यक्ष जय शाह और गुप्ता के अखिल भारतीय नेतृत्व में किया गया। संजोग गुप्ता को इसी महीने की शुरुआत में आईसीसी का सीईओ नियुक्त किया गया था।**




'द गार्डियन' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पैनल के अन्य सदस्यों में इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग भी शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 'कोई भी बदलाव विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले चक्र के लिए किया जाएगा, जो 2027 से 2029 तक चलेगा। इसमें मौजूदा नौ टीम के प्रारूप के बजाय छह-छह के दो डिवीजन का प्रस्ताव है।' समिति को इस साल के आखिर तक आईसीसी को अपनी सिफारिशें पेश करनी होंगी। गोल्ड और ग्रीनबर्ग के समिति में शामिल होने का मतलब है कि नई दो-स्तरीय प्रणाली लागू होने की पूरी संभावना है, क्योंकि सीए और ईसीबी इसके प्रमुख समर्थक रहे हैं। मौजूदा समय में, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में नौ टीमें प्रतिस्पर्धा करती हैं, लेकिन यदि प्रस्तावित दो-स्तरीय प्रणाली लागू की जाती है, तो संरचना छह-छह टीमों के दो डिवीजनों में बदल जाएगी, जिसमें टीमों को प्रमोट भी किया जाएगा और खराब खेलने वाली टीमों को डिमोट किया जाना शामिल है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और ईसीबी ने पिछले साल दो-स्तरीय प्रणाली पर चर्चा की थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इसका एक प्रमुख समर्थक रहा है और एक ऐसे मॉडल पर जोर दे रहा है जिसमें ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत हर तीन साल में दो बार आमने-सामने हों, जो हर चार साल में दो सीरीज के वर्तमान प्रारूप से बेहतर है।

### चैंपियंस लीग टी20 का फिर से आगाज

इस बीच सिडनी मार्निंग हेराल्ड के अनुसार क्लब स्तर की अंतरराष्ट्रीय टी20 प्रतियोगिता चैंपियंस लीग अगले साल से फिर से शुरू हो सकती है। आईसीसी इस प्रतियोगिता को फिर से शुरू करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। इसको लेकर चर्चा जारी है जिसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

चैंपियंस लीग को इससे पहले आखिरी बार 2014 में भारत में आयोजित किया गया था, जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स ने बेंगलुरु में हुए फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था।

सिनेमा

## 'वो इसलिए नाराज हैं कि मैंने उन्हें नहीं दिया!', पेशाब पीने वाली बात पर परेश रावल का ट्रोल्स को जवाब



सीनियर बॉलीवुड एक्टर परेश रावल ने जब बताया कि उन्होंने एक बार अपने पैर की टूटी हुई हड्डी को ठीक करने के लिए अपना ही पेशाब पी लिया था, तो सोशल मीडिया पर उनकी काफी ट्रोलिंग हुई। जहां कई लोगों ने उनकी बात और तर्क को समझने की कोशिश की, वहीं ऐसे लोगों की भी कोई कमी नहीं थी जो सोशल मीडिया पर एक्टर को उनकी सोच और फैसलों को लेकर घेरते दिखे। लोगों ने परेश रावल के बयान को खतरनाक बताया, और अब एक्टर ने खुद अपने उस बयान के बाद हुई ट्रोलिंग को लेकर रिएक्शन दिया है। परेश रावल ने बॉलीवुड हंगामा के साथ बातचीत में कहा, 'मैंने उन्हें पेशाब पीने को नहीं दिया, है ना? या फिर वो इसलिए नाराज हैं कि मैंने उन्हें नहीं दिया? उन्हें ऐसा तो नहीं लग रहा है कि यार ये अकेले पी गए और हमको नहीं दिया।' परेश रावल ने सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल करने वालों के लिए कहा, 'यह मेरे जीवन की एक घटना थी जो 40 साल पहले घटी थी। वो मैंने बोल दिया। उसमें क्या हो गया? लोगों को राई का पहाड़ बनाना पसंद है। करने दो उनको मजा।' परेश रावल ने बताया कि उनके उस बयान के बाद बहुत से लोगों ने उनसे संपर्क किया है।

## Highlights

1. **Delhi-bound Air India Express flight faces snag before take-off, flyers deboarded 2hrs later**
2. **India being declared Trachoma-free a feat in healthcare: PM**
3. **Provoked by loud music, elephants storm Kanwar camp in U'khand**
4. **Lok Sabha observes silence for victims of Pahalgam attack, Air India plane crash**
5. **K'taka MP urges Mangaluru-Ayodhya train, renaming Kannur Express**

# Jio Financial Services Limited and Allianz form 50:50 joint venture

**NEW DEIHI, (Agency).** Jio Financial Services Limited (JFSL) and Allianz Group (Allianz), through its wholly-owned subsidiary Allianz Europe BV, entered into a binding agreement to form a 50:50 domestic reinsurance joint venture to serve the dynamic and high-growth insurance market in India.

As per the official release, the reinsurance partnership will bring together JFSL's deep local expertise and robust digital footprint with Allianz's strong underwriting and global reinsurance capabilities

The JV will leverage Allianz's existing Allianz Re and Allianz Commercial portfolios and activities in India. It will also benefit from Allianz's global setup, including its pricing, risk selection and portfolio management expertise. Allianz Re has been reinsuring risk in India for over 25 years.

The reinsurance JV between JFSL and Allianz will help insurers manage risks more effectively by providing access to strong underwriting capabilities and competitive capacity, ultimately




strengthening the resilience of the entire insurance ecosystem, the release added.

The JV will launch operations post receipt of statutory and regulatory approvals.

The two companies also entered into a non-binding agreement for setting up equally owned joint ventures for both general and life insurance businesses in India. The potential partnership for insurance will see two trusted financial services brands - JFSL and Allianz - coming together to deliver innovative and holistic protection solutions to the people of India.

JFSL's vision is to empower every Indian by digitally delivering simple, secure, seamless and smart financial solutions that address four core needs: to borrow, invest, transact and protect, the release further added.

Isha M Ambani, Non-executive Director, Jio Financial Services Limited, said, "India is witnessing a transformative surge in insurance demand, driven by rising prosperity, growing financial awareness, and rapid digital adoption. This partnership, combining Allianz's global reinsurance expertise with JFSL's deep understanding of the Indian market and strong digital infrastructure, aims to deliver innovative and customised reinsurance solutions to insurers.

# The iPhone moment for VR tech, is a couple of years away: QWR's Suraj Aiar

**NEW DEIHI, (Agency).** Headworn computing is here to stay, but perhaps as an evolution of anything we've seen thus far, including the AI glasses that have been made popular for consumers by tech companies including Meta, and the broader augmented reality (AR) and virtual reality (VR) headsets that Meta and Microsoft in particular have invested in extensively over the years. Indian tech company QWR, which unfolds into a thoughtful name Question What's Real, has been doing this for many years now. Not that many consumers may have realised, because QWR founded by Suraj Aiar, has kept a sharp focus on enterprise use-





cases to deliver as many as six distinct product lines — Vrone.Edu, Vrone.4K Gen2 and Aurl, to name some.

QWR admits, they are far behind the big tech — their 50,000 or so headsets sold over the years to educational institutions, healthcare platforms and even Indian defence solutions firms, pale in comparison to the numbers Meta, HTC and Apple have done. But it is more about balancing a want market and a need market. Specifically on the education front, QWR tells us they've partnered with more than 250 KV schools and 10 private Schools across the country, and there are more deals being worked on for this sector. The company's latest product, the Humbl, are AI-powered sunglasses that hopes to widen AI usage scope when it ships later this year.

The company tells HT that pricing will be "notably lower" than the pricing of the Ray-Ban Meta glasses at this time (that's around ₹29,900). For Aiar, the chequered flag is as he calls, "the primary problem is that there is no one solution for developers as well as consumers, something we want to change". Edited excerpts.

# इमरजेंसी गेट नहीं खोलते तो जिंदा जल जाते 40 यात्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। 20 जुलाई रविवार की रात पीथमपुर के समीप आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राज मार्ग पर इंदौर से पुणे जा रही इंटरसिटी बस जलकर राख हो गई। बस को कंटेनर ने टक्कर मार दी थी। इसमें आठ यात्री घायल हुए लेकिन शुक्र था कि बस में आग लगने से पहले यात्री उतर गए थे। टक्कर के बाद बस का मेनडोर डेमेज हो चुका था। यदि समय रहते कंडक्टर और एक यात्री ने मिलकर इमरजेंसी गेट नहीं खोला होता तो 40 यात्री बस में ही जिंदा जल जाते। बस में देवास निवासी शैलेन्द्र बामनिया भी सवार थे। वे पुणे की एक कंपनी में नौकरी करते हैं।**



शैलेन्द्र बामनिया ने बताया मैं बस की एक नंबर सीट पर बैठा था। इंदौर से यात्रियों को बैठाकर निजी ट्रेवल्स की बस पुणे के लिए निकली थी। रात को बायपास पर कंटेनर ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बस के अगले हिस्से में आग लग गई। मैं हादसे को भूल नहीं सकता हूं। यदि गेट खुलने में देरी होती तो सब अंदर ही जल जाते क्योंकि टक्कर के बाद बस का डीजल टैंक फूट गया था। शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग टैंक तक पहुंची और बस जलने लगी।' 'बस के अंदर यात्री चिल्लाने लगे थे। महिलाएं और बच्चे रो रहे थे। एक युवती के पैर की हड्डी क्रेक हुई। वह उठ नहीं पा रही थी। एक यात्री की नाक से खून बह रहा था। अन्य कुछ यात्रियों के शरीर में भी कांच घुस गए थे। धुआं भरने के कारण यात्री बाहर निकलने की जल्दबाजी करने लगे। भीतर कुछ यात्री चिल्ला रहे थे कि आग लगने वाली है बस से बाहर कूदो।' 'यात्री तो निकल चुके थे, लेकिन ड्राइवर के दोनों पैर स्टीयरिंग और सीट के बीच फंस गए थे। कंडक्टर ने बस से रॉड निकाली और उससे ड्राइवर की सीट को तोड़ा। तब तक केबिन में धुआं ही धुआं हो रहा था। दो यात्री भी मदद के लिए आए और ड्राइवर को गोद में उठाकर सड़क के एक तरफ बैठा दिया। उसके दोनों पैरों की हड्डी टूट गई थी।' 'हादसे के कारण बस का डीजल टैंक फट गया था। डीजल सड़क पर बह रहा था। हादसे के दस मिनट के भीतर केबिन में आग लग गई थी। तब तक सभी यात्री उतर चुके थे और दूर खड़े बस को धूं-धूं कर जलते हुए देख रहे थे। बस में आग लगने के कारण ट्रैफिक भी जाम हो गया था। ड्राइवर और घायल युवती को एक कार चालक अस्पताल ले गया, लेकिन ट्रैफिक जाम होने के कारण बाकी यात्री तीन घंटे बाद अलग-अलग वाहनों से लिफ्ट लेकर इंदौर पहुंचे।'

# पति ने पत्नी के गले पर चाकू मारा, इलाज के दौरान मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हीरानगर क्षेत्र में महिला पर उसके पति ने चाकू से गले पर हमला किया। हमले के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि महिला को गंभीर हालत में उसकी भतीजी एमवाय अस्पताल लेकर पहुंची लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना सुबह 11 बजे की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।**



हीरानगर पुलिस के अनुसार, घटना सुखलिया क्षेत्र की है। यहां रहने वाली दीपू देवड़ा पर उसके पति प्रदीप ने चाकू से गले पर वार किया। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। उसकी भतीजी खुशी उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंची। भतीजी खुशी ने बताया कि एक दिन पहले मौसी दीपू नानी के घर हरदा से आई थी। इसके बाद खुद के घर नही जाकर बहन के घर आ गयी। यहां सुबह मौसा प्रदीप आए दोनों के बीच साथ मे रहने की बात पर विवाद हुआ। इसके बाद प्रदीप ने चाकू से दीपू का गला रेत दिया। बहन ने बचाव किया तो उसे भी उंगली पर चोट आई। खुशी ने पुलिस को ये भी बताया कि दीपू और प्रदीप के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। दीपू अपने पति के साथ नहीं रहना चाहती थी। दोनों का एक तीन साल का बेटा है, जो हरदा में दीपू की मां के पास है। पुलिस के अनुसार, आरोपी प्रदीप एक ढाबे पर काम करता है। आरोपी शहर से बाहर भागने की तैयारी में था हालांकि उसे पकड़ लिया गया है। पूछताछ जारी है।

# प्रेम प्रसंग के चलते निजी अस्पताल के टेक्नीशियन ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भंवरकुआ इलाके में 24 वर्षीय सुमित ने फांसी लगाकर जान दे दी। सुसाइड के पीछे की वजह प्रेम प्रसंग बताया जाता रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। सुमित एक निजी अस्पताल में टेक्नीशियन था। घटना रविवार रात की है। खुटपला ग्राम सरदापुर जिला धार के सुमित ने खंडवा नाका क्षेत्र में स्थित अपने कमरे पर फांसी लगा ली। दोस्तों ने बताया कि सुमित सीएचएल अपोलो अस्पताल में एक्स-रे टेक्नीशियन का काम करता था। सुमित के एक युवती से प्रेम प्रसंग की बात सामने आ रही है। वह तीन माह पहले ही इंदौर रहने आया था। सुमित के भांजे विकास ने बताया कि वह भी इंदौर में रहते हैं। रविवार को मामा सुमित मोबाइल नहीं उठा रहे थे। कमरे पर देखने पहुंचे, तब घटना का पता चला। विकास के मुताबिक एक सुसाइड नोट मिला है, जो पुलिस के पास है। इसकी जानकारी उन्हें नहीं दी गई है। सुमित के परिवार में उनके बड़े भाई और माता-पिता हैं। वे गांव में रहते हैं। सूचना के बाद भाई इंदौर पहुंचे हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक